**खबर संक्षेप**

### कौवासरई में मिला अज्ञात युवक का शव



**जयसिंहनगर।** थाना अंतर्गत ग्राम कौवासरई में सोनू यू.पी. ढाबा के पास एक अज्ञात शव की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में मार्ग कायम कर जांच की जा रही है, पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अज्ञात मृतक उम्र लगभग 25 वर्ष बदन में सफेद रंग का छीटदार शर्ट, कमर में नीला फूलपैंट, पैंट में सफेद रंग का बेल्ट पहना हुआ, बिना चप्पल के ग्राम कौवासरई सोनू यू. पी. ढाबा के पास थाना जयसिंहनगर क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 10 मई की रात लगभग 10 बजे मृत हालत में मिला, सोनू यू. पी. ढाबा के आशीष उफर्.सोनू केशरी पिता पारसनाथ केशरी उम्र 32 वर्ष निवासी कौवासरई के द्वारा थाना जयसिंहनगर में सूचना दिया गया उक्त सूचना के आधार पर थाना में धारा 174 ज. फौ. कायम कर मर्ग की जाँच एवं अज्ञात मृतक की पतासाजी की जा रही है।

### बेजुबान पशु पक्षियों को गर्मी में पानी देकर संवेदना और मानवता का परिचयः विजय



**मानपुर।** मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी पानी की व्यिवस्थो कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। हम सभी का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उडने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। इसी परिकल्पेना के साथ अमरपुर चौकी प्रभारी विजय सेन ने आम जनों से अपील की है कि वे बालकनी में छत के छज्जे में घर मे लगे पेड़ो में या छाया वाली जगह पर मिट्टी के पात्रों का उपयोग कर हम पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था कर सकते है। साथ ही दाने भी डाल सकते है। ताकि परिंदों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके और उनका जीवन सुरक्षित हो।घरों के बाहर बर्तन में पानी भरकर ऊँचाई में रखे या बड़े बर्तन में पानी भरकर नीचे रखें, जिससे मवेशी व परिंदे पानी देखकर आकर्षित होते हैं।छत में भी अगर छाया है तो पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें, या छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भर कर रखें।पक्षियों के लिए टूटे चावल आदि जो भी उनके अनुकूल हो हमे पानी के साथ पक्षियों के लिए उपलब्ध करवाना चाहिये। अमरपुर चौकी प्रभारी विजय सेन आम जनमानस से बेजुबान जानवरों और पशु पक्षियों के लिए घर के बाहर नियत स्थान बनाने की अपील की है । सेन चौकी में स्थित शिव मंदिर में नित्य साफ-सफाई तो करते है, लेकिन अभियान के दौरान भीषण गर्मी में अच्छी पहल करते हुए चौकी प्रांगण में पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था भी की है, ताकि गर्मी के दिनों में मुक पक्षियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

### अधिवक्ता इंद्रपाल के केंद्रीय नोटरी बनने पर लगा बधाइयों का तांता

**बुढ़ार।** ट्रांसपोर्ट नगर व कोयलांचल के प्रतिष्ठित छाबड़ा परिवार (सिक्ख) के युवा अधिवक्ता को केंद्रीय विधि विभाग द्वारा जारी आदेश में नोटरी आयुक्त के पद से नवाजा गया है, गौरतलब है की इंद्रपाल सिंह छाबड़ा बुढ़ार, अमलाई क्षेत्र के कारोबारी रहे स्व.प्रीतम सिंह छाबड़ा के पुत्र व स्व सरदार पूरन सिंह छाबड़ा के पौत्र है, बीते कई सालों से इंद्रपाल बुढार सत्र न्यायालय में नियमित रूप से वकालत के पेशे से जुड़े हुए है। वहीं धनपुरी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा के सगे भतीजे है, चार भाईयो जिसमे टिंकू छाबड़ा, बलबीर छाबड़ा और कुक्की छाबड़ा में इंद्रपाल दूसरे नंबर पर है, शुरू से ही शांत, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी अधिवक्ता इंदरपाल के नोटरी बनने पर उन्हें व छाबड़ा परिवार को शुभकामनाएं देने वालो का तांता लगा है।

## बातों में सम्मोहन और मान्या के कंठ में है सरस्वती का वास

# विंध्य लोक रंग महोत्सव का केंद्र बिंदु बनी 13 साल की मान्या

### 5 साल की उम्र से मान्य ने शुरू किया लोक संगीत का वाचन

**शहडोल।** महज 5 साल की उम्र में नन्ही मान्या ने जब मंच पर बघेली गीतों की प्रस्तुति दी तो, एक बारगी सुनने वाले स्तब्ध रह गए, बीते 9 सालों से मान्या ने देश के लगभग 22 प्रदेशों में 347 मंचों पर अपने बघेलखंड की विरासत और यहां की संस्कृति को सबके सामने रखा है प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक मान्या की आवाज और उसके गीतों के सम्मोहक मैं बैंड चुके हैं आज मान्या शहडोल के मानस भवन में बघेलखंड की कला के रंग बिखरेगी। विंध्य लोक रंग महोत्सव के बैनर तले महज 13 साल की मान्या पांडे रविवार को शहडोल के मानस भवन में आयोजित महोत्सव में पहुंच रही है, शनिवार को जब मान्या पांडे ने कार्यक्रम को लेकर शहडोल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया तो, वह लगातार 18 से 20 मिनट तक बोलती रही, इस दौरान पत्रकार एकाग्रचित होकर सुनने की मुद्रा में स्तब्ध होकर उसकी बात सुनते रहे मान्या ने विंध्य लोक रंग महोत्सव और विंध्य की संस्कृति को सहेजने की अपील की और आज रविवार को मानस भवन में आयोजित लोक रंग महोत्सव के आयोजन को आम जनता पहचाने और कार्यक्रम में पहुंचकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील भी की। मानस भवन शहडोल में विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन किया गया, इससे पहले या आयोजन रीवा एवं शहडोल संभाग के अन्य जिलों में भी आयोजित हो चुका है और लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया भी जा रहा है।

### लुप्त हो रही लोक संस्कृति

कार्यक्रम का केंद्र बिंदु 13 साल की बालिका मान्या पांडे है, जो मार्च 5 साल की उम्र से ही बघेली लोकगीतों और बघेलखंड की लोक संस्कृति को सहेजने के अभियान में जुटी हुई है, मान्या के साथ विंध्य के सबसे चर्चित लोक गायक नरेंद्र बहादुर सिंह भी आज कार्यक्रम में उपस्थित होंगे और संभाग के अंतर्गत शहडोल, उमरिया और अनूपपुर के लोक कलाकारों को इस दौरान यहां आमंत्रित किया गया है। जहां कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे और उनका सम्मान भी किया जाएगा, कार्यक्रम के संदर्भ में नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पुरखों से मिली लोक संस्कृति को सहजन और विंध्य की बोली और यहां के बघेली लोकगीतों को प्रदेश ही नहीं पूरे देश में अलग-अलग स्थान दिलाना है। विभिन्न लोक रंग महोत्सव का आयोजन विंध्य के रीवा एवं शहडोल संभाग के हर जिले में किया जा रहा है, लोक रंग महोत्सव में बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति होती है, जहां स्थानीय ऐसे कलाकार जो अपनी गायकी छोड़ चुके हैं, उन्हें वापस एक मंच देना और उसे मंच के माध्यम से उनकी कला को जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि विंध्य की कला और यहां की लोक संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है,



आदिवासी अंचल के पुष्पराजगढ़ और शहडोल जिले के सुदूर आदिवासी इलाकों में यहां की लोक संस्कृति और यहां के लोक रंग तथा गाय की और बडक़ी को सहजन हमारा उद्देश्य है।

### संगीत की धरोहर को आगे बढ़ाये

विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन विन्ध्य के रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रत्येक जिलों में हो रहा है। लोक रंग महोसत्सव में बघेली लोक गीतों की प्रस्तुती होती है और स्थानीय ऐसे लोक कलाकार जो अपनी गायकी और बादकी छोड़ चुके है या अभी भी अपनी लोक कला को जीवित किये हुये है। उन्हें को सम्मानित किया जाता है। उक्त बातें शहडोल पहुंची राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने बताया कि विन्ध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन करने का उद्देश्य, विन्ध्य के लोक गीतों का विस्तार हो और वर्षों पुरानी लोक कलाओं से आज की युवा पीड़ी पहचाने, देखें, सुने और अपने पुरखों से मिली लोक संगीत की धरोहर को आगे बढ़ाये। शुश्री मान्या पाण्डेय ने बताया कि विन्ध्य के लोकगीत वांची पराम्परा से एक दूसरे के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी से आगे बढ़त चले आ रहे है।

### जीवन का लोक गीत अभिन्न अंग

हमारे लोकगीतों में प्राकृतिक सौदर्य, आपसी सदभाव, परिवारिक रिस्ते की मजबूती, परिवार के प्रेम स्नेह, जल- जंगल- जमीन के रक्षा, भगवान के आराधाना आदि का वर्णन रहता है। उन्होंने ने बताया कि विन्ध्य में लोक गीत 5 प्रकार से गाये जाते है। जिसमें संस्कार गीत, ऋतुगीत, श्रम गीत, झुष्ठान एवं देवी गीत, जातिय गीत शामिल है। हमार यहां संस्कार गीत शादी व्याह में 48 प्रकार के गाये जाते है जिसमें वर पक्ष यानी दूल्हा के तरफ से 26 एवं बधु पक्ष यानी की दुल्हन के पक्ष से 22 प्रकार से गाये जाते है। हिन्दू रीति रिवाज बिना किसी गीतों के सम्पन्न नही होते। जब बच्चा जन्म लेता तभी से उसको लोकगीत सोहर के रूप में सुनने को मिलने लगता है। हम सबके जीवन का लोक गीत अभिन्न अंग रहे है। किन्तु आज चकाचौद में हमारे लोकगीत विलूप्त होत जाते आत है और अब गांवों में दीदी-नानी के माध्यम से सुनने को मिलते है। हम सबको आपनी पहचान, आपनी लोक पराम्परा, आपना संस्कार, आपनी संस्कृति महत्व देने व उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। हम भी अपने लोकगीतों के दवारा अपनी लोक परम्परा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही हूं।

### घट गया गीतों का महत्व

विंध्य के प्रसिद्ध लोक गायक एवं लोक साहित्यकार नरेंद्र बहादुर सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि जब फिल्मों की शुरूआत हुई थी तब उसमें लोकगीत ही गाये जाते थे और यह सिलसिला करीब 70 के दशक तक चला। फिर फिल्मों में अलग हट कर गीत-गाये जाने लगे और लोक गीतों का महत्व घट गया। 1959 में कृष्णा चोपरा दवारा निर्देशित फिल्म हीरा मोती में हमारे विन्ध्य के ऋतु गीत कजरी गाया गया था। जिसमें सुभन कल्याणपुर एवं सुधा मल्होत्रा ने गाया था। गीत के बोल थे, काउने रंग मुगवां, काउने रंग मोतिया, काउन रंग ना। ननदी तोहार विरनमा काउने नंग ना। अभी फिल्मों जो भी लोकगीत गाये जाते हैं वह काफी चर्चित होते हैं।

### बघेली लोकगीतों का मान्या कर रही है विस्तारः नरेंद्र

विंध्य के सबसे चर्चित लोक गायक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि देश भर में राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय बघेली गीतों का विस्तार कर रही है। वह देश के 22 प्रदेशों में बघेली लोकगीतों की प्रस्तुत कर चुकी है। मान्या पाण्डेय मूल रूप से बघेली लोक गीत गाती है, पर वह बुंदेली, मैथिली, बृज, अवधी, छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी, राजास्थानी, पंजाबी एवं मराठी में भी गा लेती हूं। वह इस समय सीधी पर्यटन एवं सीधी पुलिस, आर्टिस्ट यूनियन बिहार की ब्रांड एम्वेस्ट है और भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग, म.प्र. स्वराज संस्थान, मध्य प्रदेश जन सम्पर्क की प्रमुख गायिका हैं।

### प्रधानमंत्री ने देखा था कार्यक्रम

5 वर्ष की उम्र से 2015 से मंचीय कार्यकम करने लगी हूं और अब तक करीब 347 मंचों में अपनी प्रस्तुती देश भर में दे चुकी हूं। बिहार के चर्चित लोक गायिका मैथली ठाकुर के साथ 2 बार दिल्ली में प्रोग्राम कर चुकी हूं। उन्हें अब तक शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के दवारा 238 सम्मान मिल चुके है। 2023 रीवा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मान्या पाण्डेय का कार्यक्रम धरती काहे पुकार के, को 11 मिनट तक खड़े हो कर देखा था। भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय ने उन्हें वर्ष 2019 मैं देश की सबसे छोटी लोक गायिका की उपाधी प्रदान की थी। वह मध्य प्रदेश की सबसे छोटी उम्र की बड़ी गायक कलाकार हैं।

# शिक्षा के क्षेत्र में संभाग को सर्वश्रेष्ठ बनाएं: कमिश्नर



**उमरिया।** शिक्षा के क्षेत्र में संभाग को हम सब मिलकर सर्वश्रेष्ठ बनाएंगे। इसके लिए संभाग के सभी शिक्षक अपने शिक्षक धर्म का पालन करें। अपने पास सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, स्कूलों में अच्छी सुविधाएं हैं, इसके बावजूद पालक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं की ओर देखता है। हम सबको मिलकर इस मिथक को तोडऩा होगा और शिक्षण संस्थानों को आनंद शालाएं बनाना होगा। शैक्षणिक संस्थानों में आनंद दायक वातावरण निर्मित होने पर बच्चे स्कूल आने के लिए स्वयं आकर्षित हो, इसके प्रयास करने होंगे। कमिश्नर बी.एस.जामोद ने जिले के कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित संभाग स्तरीय मोटिवेशनल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्मेष को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

### पालकों से जीवंत संपर्क करें स्थापित

कमिश्नर ने कहा कि शिक्षक स्कूल में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बच्चों के पालकों से जीवंत संपर्क स्थापित करें। बच्चों के पालकों को शिक्षा का महत्व बताएं, शिक्षा के प्रति पालकों को जागरूक करें। हम सबको मिलकर शहडोल संभाग के एक-एक बच्चे के भविष्य की चिंता करना है, अच्छे प्रयास कर बच्चों के भविष्य को गढऩा है, इसके लिए सबको समन्वित प्रयास करने होंगे। गांव के एक-एक बच्चे को स्कूल पहुंचाकर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य को गढऩे का प्रयास सभी शिक्षक करें।

शिक्षक निरंतर अच्छे कार्य करें

कमिश्नर ने कहा कि शिक्षक पूरी लगन, मेहनत एवं पूर्ण आस्था के साथ बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का प्रयास करें। कोई भी छात्र किसी से कम नहीं होता है, किसी भी बच्चे की समझने की क्षमता किसी से कम नहीं होती है। कोई बच्चा खेल में अच्छा है, कोई साहित्य में, कोई योगा में, कोई वाद्य यंत्र बजाने में, कोई डॉक्टर या इंजीनियर बनने की इच्छा रखता है। शिक्षक छात्रों की रूचि को समझें और अभिरूचि अनुरूप छात्रों को आगे बढ़ानें का प्रयास करें। शिक्षकों को एक जौहरी की संज्ञा देते हुए कहा है कि शिक्षक एक जौहरी समान होता है, जो बच्चों को हीरे की तरह तरास कर उसकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने इस दायित्व का निर्वहन जवाबदेही के साथ करें। पहले शिक्षकों का बहुत मान सम्मान था इस मान सम्मान को बनाए रखने के लिए शिक्षक निरंतर अच्छे कार्य करें। शिक्षक बच्चों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें।

### अभिरुचि के अनुरूप शिक्षा मिले

उन्मेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा की शिक्षक समाज को जागरूक करता है। शिक्षक छात्रों का पथ प्रदर्शक है, किंतु आज शिक्षकों को जागरूक करने की आवश्यकता पड़ रही है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय उन्मेष कार्यक्रम में शिक्षकों में जागरुकता आएगी। शिक्षक अपने दायित्वों को समझेंगे कलेक्टर ने कहा कि हम सभी का प्रयास यह होना चाहिए कि छात्रों को उनकी अभिरुचि के अनुरूप शिक्षा मिले। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढऩे वाला छात्र क्या बनना चाहता है इस पर शिक्षक ध्यान दें एवं उसी अनुसार बच्चों को शिक्षा मुहैया कराएं । कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के लिए शिक्षक स्कूल का वातावरण सुखद और आनंद दायक बनाएं।

### गुणवत्तापूर्ण मिलना चाहिए शिक्षा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह ने कहा है बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा गुणवत्तापूर्ण मिलना चाहिए। इसके लिए स्कूल का वातावरण सुखद होना चाहिए। शिक्षा के अलावा बच्चों में मानवीय गुण का विकास भी आवश्यक है। उन्मेष कार्यक्रम में लगभग 12 शिक्षकों ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर उमरिया शिव गोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, सहायक आयुक्त व जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पांडे, तहसीलदार बांधवगढ सतीश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी एम एस गौर, सहित शिक्षक उपस्थित रहे।



# हवा महल कैंप में बाघ शावक ने किया कब्जा

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली रेंज के पर्यटन जोन से पर्यटकों द्वारा ली गई एक बेहद रोचक और रोमांचित कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में एक बाघ शावक कमरे में बैठा हुआ नजर आ रहा है। जिस कमरे में बाघ शावक बैठा रहा, वह खितौली रेंज का हवामहल कैंप है, जहां कभी गश्ती दल रहा करता था। इस कमरे के अंदर बैठे शावक को देखकर पर्यटक रोमांचित हो गए और उन्होंने उसका फोटो खींचा। बताया गया है कि तस्वीर शुक्रवार की शाम को पर्यटकों ने खींची थी। इस तस्वीर में बाघ शावक आराम की मुद्रा में बैठा हुआ नजर आ रहा है और पर्यटकों को देख रहा है।

दरअसल पिछले तीन दिनों से पड़ रही तेज गर्मी से इंसानों के साथ जानवर भी बेहाल हैं और उन्हें भी छाया की तलाश रहती है। बाघों के लिए प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में भी गर्मी का असर दिखाई दे रहा है। गर्मी की वजह से बाघ, बाघिन और शावक भी छाया और ठंडक वाले स्थान में दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि शुक्रवार को सफारी के दौरान पर्यटक शावक का अंदाज देखकर रोमांचित हो गए।

धूप और गर्मी से परेशान शावक ने टाइगर रिजर्व के खितौली जोन के हवा महल कैंप में अपना डेरा जमा लिया था और वह घंटों कैंप में बैठा रहा। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली जोन में सफारी में गए पर्यटक जंगल मे सफारी कर रहे थे। हवामहल कैंप के समीप



पहुंच गए। हवामहल कैंप में शावक के आराम फरमाते का अंदाज देखकर पर्यटक उत्साहित हो गए।

जिस बाघ शावक को हवा महल कैंप में देखा गया है वह कांटीबाह बाघिन का शावक है। कांटीबाह बाघिन के इस शावक की उम्र लगभग 10 माह के आसपास बताई जा रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए पार्क प्रबंधन ने बताया कि यह बाघ शावक अक्सर यहीं दिखाई देता है। हवामहल कैंप में शावक के आराम फरमाने का वीडियो वायरल होने के बाद परिक्षेत्र अधिकारी सात्विक जैन ने बताया कि वीडियो आया है। सभी कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश गये है। वहां पर बाघिन शावको की मूवमेंट है।

### 38 नग नशीले इंजेक्शन जप्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत 17 मई को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की प्राथमिक स्कूल वार्ड नंबर 10 के पीछे झूलापुल के पास एक व्यक्ति काले रंग की 02 पहिया वाहन में हैं एवं एक काले रंग का बैग रखे हुए हैं, जिसमें काफी मात्रा में इंजेक्शन रखे हुए हैं, जोकि चोरी छिपे किसी को बिक्री करने जा रहे हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त स्थान पर जाकर देखा गया तो दो व्यक्ति वाहन में बैठे मिले एवं उक्त सूचना के मुताबिक एक काले रंग का बैग भी रखे हुए थे, जो कि पुलिस वाहन को देखते हि भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे हमराह स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम राज कछवाहा पिता बिहारी कछवाहा उम्र 21 वर्ष निवासी अंडरब्रिज के पास पुरानी बस्ती शहडोल का होना बताया एवं दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम अभिजीत वर्मा पिता विश्वनाथ वर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 36 पुराना बस्ती शहडोल का होना बताया। आरोपियों के बैग एवं मोटर सायकिल की तलाशी लेने पर बैग से 38 नग नशीले इंजेक्शन होना पाया गया और पूंछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि वे यह नशीले इंजेक्शन की खरीदने और बेचने एक और साथी है, जिसका नाम आरिफ खान निवासी मि_बाड़ा का होना बताया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त पूंछताछ के बाद वाहन एवं नशीले इंजक्शन के बारे में दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज न होना बताया जिससे आरोपी के विरूद्ध एमडीपीएस एक्ट एवं म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# खैरहा थाना क्षेत्र में पनप रहा माफिया

### वर्दी की सांठगांठ से कोयला, कबाड़, रेत का अवैध कारोबार

**शहडोल।** जिले के खैरहा थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाना क्षेत्र रेत, कोयला, कबाड़ सहित नशे के कारोबार का गढ़ बन चुका है, लेकिन इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। वर्तमान समय में अगर देखा जाए तो पूरे सोहागपुर एरिया में कोयला खदानों की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे ही है, क्योंकि जिस तरह से लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, उसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। बीते वर्षों में जब खैरहा भूमिगत खदान में पंखा घर के पास से पिकअप वाहन से खुलेआम कबाड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, तब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ा। वैसे इस मामले में स्थानीय पुलिस ने आरोपितों को पकडऩे में सफलता पा ली थी और चोरी गए कबाड़ को भी जप्त कर लिया था, लेकिन अभी की स्थिति में देखा जाए तो लगभग सभी खदानों में चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है।




### दिनदहाड़े कोयला चोरी

भूमिगत खदान बंगवार में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटना बढ़ी है। कहने को तो यहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हर महीने करोड़ों रुपए सुरक्षा के नाम पर खर्च भी किए जा रहे हैं। इसके बाद चोरी की घटनाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आ रही है। यहां दिनदहाड़े जिस तरह से खदान के अंदर से कोयले की चोरी हो रही है, उसे लेकर सवाल उठ रहा है। आखिर सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद भी खदान के अंदर से खुलेआम कोयला चोरी कैसे हो रही है या फिर यह सब मिलीभगत से हो रहा है।

### जंगल रास्ते पहुंचते हैं चोर

बंगवार खदान के अंदर देखा जाए तो चारों तरफ बेशकीमती कबाड़ फैला हुआ हैं, यह खदान जंगलों के बीचो बीच मौजूद है, जिस कारण से जंगल के रास्ते से बड़ी संख्या में चोर खदान के अंदर प्रवेश कर जाते हैं और चोरी की घटना को अंजाम देकर उसी रास्ते से वापस चले जाते हैं। बीते वर्षो में खैरहा थाना क्षेत्र में कबाड़, कोयला और रेत का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से बढ़ा, इसके पीछे चर्चा है कि ईमानदार साहब अवैध कारोबार करने वालों से कुछ लेते ही नहीं है।

### नहीं डाल रहा कोई हाथ

कबाड़ का अवैध धंधा एक बार फिर खैरहा थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा है, सारे नियमों को ताक पर रखकर कबाड़ी अपने काले कारनमों को अंजाम देने में लगे हुए है। खास बात यह है,कि इन कोई हाथ भी नहीं डाल रहा है। जिन पर अवैध कारनामों को रोकने की जिम्मेदारी है, वे या तो आंख मूंदकर बैठे हैं या फिर नजराना लेकर अपनी जवाबदेही से पीछे हट रहे है। खैरहा थाना क्षेत्र में वैसे तो कई तरह के अवैध कार्य संपन्न होते है, लेकिन इन अवैध कारोबारों में सबसे बड़ा कारोबार अवैध कबाड़ का है। कोयला खदान से बड़ी मात्रा में कबाड़ की चोरी होती है और उसे ऐसे ही कबाडिय़ों के पास खपाया जाता है, जो दो नंबर के काम में लिप्त होते है।

## खबर संक्षेप

### अब 31 मई तक होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी

**अनूपपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में कृषकों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि 20 मई 2024 तक बढ़ाई गई थी। अब यह अवधि 31 मई 2024 तक के लिए बढ़ा दी गई है। उक्ताशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार ने दी है।

### बारूद मैगजीन घर के पास, लगाई गई आग, तो हो सकता था गंभीर हादसा



**जमुना/बदरा।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित खदान जमुना यूजी 1, 2 खदान में सुरक्षा को किया गया नजर अंदाज प्रबंधन द्वारा माइंस बारूद घर में रखे विस्फोटक सामग्री होने के बावजूद बिना सुरक्षा के कोई उपाय के मैगजीन में आग लगाई गई जिस मैगजीन में पुलिस द्वारा जप्त किया हुआ बारूद विस्फोटक सामग्री भी रखा गया है उसमें आग लगाने का काम किया गया अगर उसमें विस्फोट हो जाता तो माइंस में काम कर रहे श्रमिक और आसपास के क्षेत्र में भीषण विस्फोट और श्रमिकों के घायल होने एवं जनहानि भी हो सकती थी मगर प्रबंधन गहरी नींद में सो रहा है और पेटलावद जैसी घटना की पूर्ण वृत्ति जमुना यूजी प्रबंधन करने पर आमादा है ऐसे व्यक्तियों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाए उक्त आशय की जानकारी श्रीकांत शुक्ला अध्यक्ष एचएमएस जमुना कोतमा ने दी साथ ही निष्पक्ष जांच की मांग भी की है।

### एनआरसी के निरीक्षण के लिए अधिकारियों की लगाई इ्युटी

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देश पर जिला चिकित्सालय उमरिया स्थित पोषण पुर्नवास केंद्र मे सभी आवश्यक व्युवस्थाएं एवं बच्चों को चिकित्सकीय सुविधाएं समय पर बिना किसी परेशानी के उपलब्ध हो, इस हेतु निरंतर प्रतिदिन निरीक्षण किए जाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियो की डियुटी लगाई है, जिसमें रविवार के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, मंगलवार के लिए परियोजना अधिकारी उमरिया क्रमांक 1, बुधवार के लिए परियोजना अधिकारी उमरिया क्रमांक 2, गुरूवार के लिए पर्यवेक्षक परियोजना उमरिया क्रमांक 1, सोमवार के लिए पर्यवेक्षक परियोजना मानपुर, शुक्रवार के लिए पर्यवेक्षक परियोजना उमरिया क्रमांक 1 तथा शनिवार के लिए पर्यवेक्षक परियोजना उमरिया क्रमांक 1 की डियुटी लगाई गई है, जो विभिन्न बिंदुओ पर निरीक्षण किया जाएगा ।

### एचपी गैस एजेंसी ने उपभोक्ताओं से की अपील

**मानपुर।** भारत सरकार के आदेश अनुसार एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के निर्देशानुसार धानी एचपी गैस एजेंसी मानपुर के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह है कि सभी उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी एवं सुरक्षा वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है और उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन में उपयोग की जाने वाली सुरक्षा पाइप बदलने का कार्य किया जा रहा है, आप सभी से आग्रह है कि अपने गैस कनेक्शन की ईकेवाईसी करवा ले तथा सेफ्टी वेरीफिकेशन करवाने में अपना सहयोग प्रदान करें, गैस कनेक्शन में प्रयुक्त होने वाली सुरक्षा नली जिसकी निर्धारित अवधि होती है तथा एक्सपायरी डेट होती है, आप सभी लोग सुरक्षा का ध्यान रखते हुए गैस की नली आवश्यक रूप से बदलवा ले एवं ईकेवाईसी करवा कर गैस से संबंधित सभी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें।

### निर्माण शुरू होने से पहले पंचायत ने निकाली राशि

# एक वर्ष में भी पूरा नहीं हुआ बाउण्ड्रीवॉल निर्माण

**विद्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल न होने से छुट्टा पशु और अराजक तत्व सीधे कक्षाओं तक पहुंच जाते हैं। कभी गुरुजी हाथ में डंडा लिए पशुओं को भगाते नजर आते हैं तो कभी छात्र-छात्राएं। ये समस्या इसलिए आती है, क्योंकि विद्यालय में बाउंड्रीवाल नहीं है, लेकिन कागजों में एक साल पहले ही बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू हो चुका है।**

**शहडोल।** प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से वर्ष 2023 में जिले के जयसिंहनगर जनपद की ढोलर पंचायत की शासकीय प्राथमिक शाला डूमरटोला में बाउण्ड्रीवॉल स्वीकृत हुई थी, उक्त बाउण्ड्रीवाल के निर्माण के लिए 11 लाख 75 हजार रूपये पंचायत के खाते में डाल दिये गये, लेकिन एक वर्ष गुजरने के बावजूद बाउण्ड्रीवाल का निर्माण नहीं हो सका, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले के अधिकारी शिक्षा और बच्चों के सुरक्षा के प्रति कितने सजग हैं। ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए ब्लॉक स्तर पर अधिकारी की तैनाती की गई है। उनका कार्य केवल यही है कि वे ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्य और भुगतान पर नजर रखें। वहीं जिला स्तर पर जिला पंचायत अधिकारी द्वारा मॉनीटरिंग की जाती है, लेकिन जिम्मेदार न जाने कहां सो रहे हैं, जिसके चलते ग्राम पंचायतों में फर्जीवाड़े किए जा रहे हैं।

### यह है मामला

जयसिंगनगर जनपद की ग्राम पंचायत ढोलर में शासकीय प्राथमिक शाला डूमरटोला में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण की तकनीकि स्वीकृति 03 मई 2023 को और 21 जून 2023 को प्रशासकीय स्वीकृति दे दी गई थी, उक्त विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण 11 लाख 75 हजार रूपये से कराया जाना था, जिसमें 9 लाख 98 हजार 750 निर्माण सामग्री पर व्यय किया जाना था और मजदूरी पर 1 लाख 76 हजार 250 व्यय किया जाना था, लेकिन ढोलर पंचायत के काबिल सचिव-सरपंच आज तक बाउण्ड्रीवॉल की नींव नहीं डाल पाये, वहीं दूसरी ओर तकनीकि जानकार उपयंत्री भी इस मामले में कितने गंभीर है, यह बाउण्ड्रीवॉल शुरू न होने के चलते दिखाई पड़ रहा है।




### बगैर कार्य शुरू किये निकाली राशि

पंचायत लोगों की माने तो बाउण्ड्रीवॉल का अभी तक निर्माण शुरू नहीं हुआ है, लेकिन विकास कार्य के लिए आई राशि में सेंध लगाने के फेर में सचिव-सरपंच की जोड़ी ने सितम्बर 2023 में 1 लाख 61 हजार 966 रूपये पहले ही आहरित कर लिये गये, बाउण्ड्री वॉल शुरू होने के पूर्व ही 375 बोरी सीमेंट का उपयोग कागजों में पंचायत के जिम्मेदारों ने उपयंत्री और वेण्डर के साथ मिलकर कर लिया। कुल मिलाकर बगैर निर्माण शुरू किये ही राशि में बंदर-बांट कर ली गई, वहीं तत्कालीन उपयंत्री अपना खेल कर चुके हैं और वर्तमान उपयंत्री इसके आगे से कार्य को पूरा कराने का कब बीड़ा उठायेंगे, यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

### शिक्षक भी हैं हैरान

प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों से जब बाउंड्रीवाल के संबंध में जानकारी ली गई तो, वे भी हैरान रह गए। उनका कहना था कि उन्होंने कई बार बाउंड्रीवाल निर्माण कराने के लिए कहा, लेकिन आज तक किसी ने नहीं सुना। लेकिन उन्हें क्या पता था कि कागजों में ही बाउंड्रीवाल का निर्माण कर धनराशि की होली खेलना शुरू हो चुका है, आरोप हैं कि इस पूरे खेल के पीछे उपयंत्री का हाथ है। लगभग एक साल का समय बीतने के बाद भी आज तक किसी ने इस मामले को नहीं पकड़ा और न ही कोई कार्रवाई हुई। इसके चलते ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार और बढ़ता जा रहा है।

### निर्माण शुरू करने की मांग

जहां एक तरफ सूबे के तत्कालीन एवं वर्तमान मुखिया प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय की सूरत बदलने की बातें करते हुए मंच पर विपक्षी पार्टी को घेरते हैं, वहीं दूसरी ओर केन्द्र से लेकर प्रदेश और क्षेत्रीय विधायक भारतीय जनता पार्टी का होने के बावजूद विद्यालयो के विकास के लिए आई राशि के दुरूपयोग के साथ ही निर्माण कार्य न होना, पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला डूमरटोला की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण की जमकर अनदेखी हुई है ,इसके साथ ही निर्माण से पूर्व राशि आहरित कर लेना भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। जागरूक लोगों ने जनपद सहित जिले के मुखिया से मांग की है कि उक्त मामले में संज्ञान लेकर निर्माण जल्द शुरू कराया जाये।

## आयुक्त ने किया स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण



**उमरिया।** आयुक्त बी.एस.जामोद ने लोकसभा निर्वाचन शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए जिले के दो विधानसभा क्षेत्र बांधवगढ एवं मानपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु शासकीय पालीटेक्निक में बनाये गये स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष में की जा रही तैयारियों, कन्ट्रोल रूम तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के समय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव गोविंद मरकाम, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, एस डी एम एवं एआर ओ रीता डेहरिया तथा लोक निर्माण विभाग का अमला उपस्थित था।

## पाली रेलवे स्टेशन में युवा कर रहे जल सेवा

**उमरिया।** गर्मी में पानी की जरूरत तो सभी को होती है, ऐसे में सफर करने वालों के लिए पानी की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। लगातार बढ़ती गर्मी को देखकर युवा टीम ने रेलवे स्टेशन में यात्रियों को और सफर करने वाले नागरिकों को डिब्बे तक यहां तक की खिडक़ी से भी पानी यात्रियों को पानी दिया जाता है।रेलवे स्टेशन में ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों की प्यास बुझाने जिले की सक्रिय युवाओं की युवा टीम उमरिया के सदस्यों के द्वारा सेवा के उद्देश्य सेवा दे रहे हैं। ट्रेन के रुकते ही हर एक बोगी के पास पहुंचकर यात्रियों को पानी पिला रहे हैं। सेवा में लगे युवा स्वयं ही स्टेशन परिसर में पानी की व्यवस्था करते हैं।इसके बाद ट्रेन के आने का इंतजार करने वाले यात्रियों के साथ ही ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के पास तक पहुंच कर उनकी प्यास बुझाते हैं। युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया ने अनोखी पहल इस गर्मी में की गई है। जल सेवक हिमांशु तिवारी ने बताया कि बढ़ती गर्मी और तपती धूप में जहां लोग पानी पानी के लिए परेशान रहते हैं।इसी बात को ध्यान में रखते हुए युवा टीम उमरिया के द्वारा बिरसिंहपुर पाली रेलवे स्टेशन में यात्रियों को ठंडा पानी पिलाने का कार्य किया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी पिलाना सबसे पुण्य कार्य है। इसे उद्देश के साथ युवा टीम उमरिया के सभी सदस्य गण रेलवे स्टेशन परिसर में लोगों की प्यास बुझाने सेवा दे रहे हैं। यह उनकी दिनचर्या में शामिल हो गया है। अलग-अलग दिन शिफ्ट में सेवा देने वालों की ड्यूटी लगाई जाती है। नित्य सुबह से देर शाम तक। टीम अलग-अलग सदस्य सेवा देते है।रेल आने के समय स्टॉल लगाकर यात्रियों को ठण्डा पानी पिलाया जा रहा है। यह टीम रेल आने के समय ठण्डा पानी लेकर रेलवे स्टेशन पहुंच जाते है। उनकी ओर से यहां आने वाले यात्रियों को ठण्डा पानी पिलाया जाता है। जिससे यात्रियों को राहत मिल रही है। उनकी ओर से प्रतिदिन 50-60 कैम्पर पानी पिलाया जा रहा है।वहीं यात्रियों का कहना है कि यह बेहद ही अच्छा काम है। गर्मियों में लोग पीने के पानी के लिए तरसते हैं। ऐसे में युवा ट्रेन में बैठे यात्रियों को पानी पिला रहे हैं।गौरतलब है कि यह लोग पिछले तीन साल से इस काम को कर रहे हैं। इस दौरान जल सेवक हिमांशु तिवारी, जल सेवक खुशी सेन,श्रीराम तिवारी,अमन बर्मन, निरंजन कुशवाहा, सत्यम सेन,लकी यादव,लवकुश बर्मन, अंकित गौतम का योगदान रहा।



## शासकीय चिकित्सकों की क्लीनिक को लेकर गंभीर सीएमएचओ

### 7 दिन का अल्टीमेटम, 18 को जारी किया नोटिस

**शहडोल।** मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में सुविधाओं के लिए बड़ी राशि खर्च होती है,लेकिन डाक्टर्स नहीं होने के कारण मरीजों को कोई लाभ नहीं मिलता है। डाक्टर्स जानबूझकर सरकारी सुविधाओं को कमजोर बताकर लोगों को भ्रमित करते है और अपनी क्लीनिक में मोटी फीस लेकर उपचार करते हैं। डॉक्टर वहीं है, लेकिन अस्पताल में उनका रवैया बिलकुल अलग रहता है। जहां-तहां खुल रहे सरकारी सेवारत डाक्टरों की क्लीनिकों को लेकर प्रशासन गंभीर है। इसे लेकर सीएमएचओ ने मेडिकल कालेज के डीन को भी पत्र लिखा है। इसके पहले सीएमएचओ ने बकायदे सर्वे करवाकर निजी प्रैक्टिस करने वाले डाक्टरों की सूची तैयार कराई है। जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेज में सेवारत डाक्टर अपने घर में मरीजों को परामर्श दे सकते हैं। इसका प्रावधान है, लेकिन क्लीनिक या निजी अस्पताल नहीं चला सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने विभाग से अनुमति लेनी होती है। शहर में कई डाक्टर घर में परामर्श देने के नाम भी चिकित्सा का बड़ा व्यापार कर रहे हैं। घर में भी बड़ा क्लीनिक चला रहे हैं और जिस अस्पताल में ड्यूटी है, वहां से गायब रहते हैं या फिर समय पर मरीजों को मिलते ही नहीं। जो सरकारी सेवारत होने के साथ अलग से क्लीनिक संचालित कर रहे हैं, इनमें मेडिकल कालेज के चिकित्सा शिक्षक अधिक हैं। जिला अस्पताल में पदस्थ कई डाक्टर भी क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। ये अस्पताल से जल्दी भागने और लेट पहुंचने के आदी है, क्योंकि क्लीनिक में मरीजों को देखने की जल्दी रहती है। कई डाक्टर से तो अस्पताल या मेडिकल कालेज में मरीजों को खुलकर अपनी क्लीनिक में बुलाकर अच्छे से देखने की बात करते हैं। इतना ही इनके लोग यहां घूमते हैं, जो मरीजों को इनके क्लीनिक तक पहुंचाने का कमीशन कमा रहे हैं। इन डाक्टरों में कई निजी अस्पतालों में भी जाकर उपचार करते हैं और अपनी ड्यूटी के दौरान कहते हैं कि उस अस्पताल में भर्ती हो जाओ हम आकर वहीं देखेंगे। सीएमएचओं ने 18 डाक्टरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एक दल भी गठित किया है, जो शहर में संचालित निजी नर्सिंग होम, अस्पताल, क्लीनिक पर निगरानी रख रहा है। साथ ही नियम विरूद्ध प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डाक्टर की सूची तैयार किया है और इसी सूची के आधार सीएमएचओ ने नोटिस दिया है। संभवतः 12 चिकित्सकों ने नोटिस का जवाब दे दिया है, विभाग से जुड़े जानकारों की माने तो विभाग के मुखिया एक्शन के मूड में है और संभवतः चिकित्सकों द्वारा वसूली जा रही फीस को लेकर भी नोटिस जारी कर सकते हैं।

### 11 केव्ही फीडर में आज विद्युत प्रदाय बंद रहेगा

**उमरिया।** कार्यपालन अभियंता संचा.संधा. म.प्र.पू.क्षे.वि.वितरण ने बताया कि 132/33 केव्ही लाइन एसईसीएल-1 एवं एसईसीएल-2 फीडर के मेंटीनेंस का कार्य किया जाना है । कार्य के दौरान 33/11 केव्ही उप केंद्र घुनघुटी से निर्गत सभी 11 फीडर में 19 मई को प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक एसईसीएल एचटी कनेक्शन, 33/11 केव्ही सब स्टेशन घुनघुटी से निकलने वाले समस्त 11 केव्हीं फीडर में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। आवश्याकतानुसार समयावधि घटाई बढाई जा सकती है ।

## चलाया गया स्वच्छता कार्यक्रम



**उमरिया।** आयुक्त बी.एस.जामोद एवं कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाने हेतु निर्देश दिए गए गए है । जिसके परिपालन में नगरीय क्षेत्र उमरिया अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान के तहत पुराना पड़ाव, संजय मार्केट तथा विकटगंज में समस्त छोटी बड़ी नाली, नाला की सफाई की गई स वार्ड में खाली क्षेत्र में उगी गाजर घास, झाड़ी को काट कर सफाई की गई। जीवनदायनी उमरार नदी के नदी के अंदर सफाई पश्चात खलेसर घाट में सफाई की जा रही है । पुराना बस स्टैंड पशु चिकित्सालय के सामने नाली में अतिक्रमण कर रखे गए ठेले, रणविजय चौक नाली एवं सडक़ अवरूद्ध कर रखे गए ठेले को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। लोगो को खुले में कचरा न फेकने, कचरा गाड़ी में गीला और सुखा अलग अलग ही कचरा डालने के लिए समझाईश दी गई। साथ ही शहर में नाली और झाड़ू का कार्य किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने मत्स्य उत्पादकता में वृद्धि हेतु केज प्लान का किया निरीक्षण



मत्स्य उत्पादन लाभ के संबंध में ली जानकारी

**राजनगर।** नीलक्रांति योजना के तहत मस्त्य उत्पादकता में वृद्धि हेतु केज मत्स्य प्लान का कार्य खनिज विकास निधि द्वारा नगर परिषद रामनगर डोला में ज्योति मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित को स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य का कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने रामनगर डोला पहुंचकर जलाशय में मस्त्य उत्पादकता में वृद्धि हेतु केज मत्स्य प्लान कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, सहायक संचालक मत्स्य एस.के. सोंधिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। नीलक्रांति योजनान्तर्गत मत्स्य पालन ग्राम रामनगर डोला के जलाशय का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह योजना व्यक्ति के सर्वो लाभाकारी है। इस दौरान पर कलेक्टर ने विभिन्न प्रजातियों की मछली उत्पादन करने की सलाह सहायक संचालक को दी एवं मार्केटिंग के स्थान आदि की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने मछली उत्पादन गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जिस पर ज्योति मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित के अध्यक्ष श्रीमती रेखा साव द्वारा बताया गया कि केज में 18 केज टंकी का निर्माण किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के मछलियों को उत्पादन किया जा रहा है।

इस दौरान कलेक्टर ने सरकारी समिति के सदस्यों की जानकारी प्राप्त की। जिस पर अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि समिति में 21 सदस्य हैं जो मछली उत्पादन का कार्य करते हैं तथा अच्छा लाभ अर्जित करते हैं। इस दौरान कलेक्टर ने मछली के बीजों की स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन

## स्वच्छता के क्षेत्र में निभाये सक्रिय हिस्सेदारी- कलेक्टर



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा कि जिले के सभी नगर पालिका अधिकारी स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय हिस्सेदारी निभाये और अपने-अपने शहरों को सुंदर और स्वच्छ शहर बनायें तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाएं। इसके लिए सभी नगर पालिका अधिकारी समन्वित प्रयास करके स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर योगदान दें। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य करें। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत जिले के सभी नागरिकों को समझाइस दी जाए की स्वच्छता कोई कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक जीवन शैली है, इस जीवन शैली को सभी को अपनाना है। उन्होंने कहा कि नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु सभी नागरिकों का योगदान बहुत ही आवश्यक है। कलेक्टर नगरीय क्षेत्रों में बेहतर साफ सफाई, जल प्रबंधन, पर्याप्त मशीन एवं उपकरण, अधिसूचना, शिकायत एवं समाधान, जागरूकता अभियान, सिवरेज उपचार सहित अन्य विभिन्न विषयों के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कार्यशाला में कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा कि सभी के समन्वित प्रयास से जिले के सभी नगरीय निकायों को सुंदर और स्वच्छ बनाना है। इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। इस दौरान कलेक्टर ने नगरों में हो रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर ने सभी नगर पालिका अधिकारियों से आत्मनिर्भर वार्ड की जानकारी प्राप्त की तथा उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का भी आयोजन समय-समय पर करें।

कार्यशाला में प्रोजेक्ट मैनेजर एसबीएम सज्जन सिंह एवं धीरेंद्र दुबे ने कार्यशाला में नगर पालिका अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत कचरा प्रबंधन, जलाशयों में स्वच्छता अभियान, स्वच्छता में स्कूलों को जोड़ने की कार्यवाही, नगरों में जिला सूखा एवं तरल अपशिष्ट निस्तारण प्रबंधन सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रयास कर कैसे कार्य करना है तथा उन सभी कार्यों का सोशल मीडिया समाचार पत्रों के माध्यम से कैसे बेहतर प्रचार प्रचार करना है, के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के मूल्यांकन मापदंडों का भी जानकारी प्रदान किया।

कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनूपपुर श्रीमती शिवांगी सिंह बघेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जैतहरी भूपेंद्र सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक चैन सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोला पवन कुमार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोतमा प्रदीप झरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनगवा राजेंद्र प्रसाद सहित स्वच्छता सर्वेक्षण से जुड़े अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अमलाई थाना अंतर्गत दोपहिया वाहन की चोरी

**अमलाई।** अमलाई थाना अंतर्गत इन दिनों चोरी की घटनाओं मे इजाफा हो रहा है। हाल ही में सोन नदी के पास से एक दोपहिया वाहन की चोरी हो गई। जिसकी शिकायत वाहन मालिक द्वारा थाना में कई गई है अमलाई थाना क्षेत्र के निवासी कमलभान माझी ने बताया कि वह सोन नदी किनारे वाहन खड़ा कर नहाने के उद्देश्य से गया था किन्तु कुछ देर के बाद बाहर आकर देखा तो उसका दोपहिया वाहन नही था। बताया कि टिव्हिएस रेडियोन की नयी दोपहिया वाहन उसने खरीदी थी जो चोरी हो गई। अमलाई थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद होते दिखाई पड़ रहे है जो घरों और अन्य जगहों पर हाथ साफ कर रहे है।

### समर्थन मूल्य पर अब गेहूं की खरीद होगी 31 मई तक

**रीवा।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई थी। बड़ी संख्या में पंजीकृत किसानों के शेष रहने के कारण शासन ने गेंहू खरीद की अंतिम तिथि में वृद्धि की है। अब निर्धारित खरीदी केन्द्रों में 31 मई तक गेंहू की खरीद की जाएगी। शेष बचे पंजीकृत किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन का लाभ उठा सकते हैं।

### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 20 मई को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन की जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 20 मई को दोपहर बाद 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी देंगी। सभी उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### रीवा में फिर चली गोली



**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरगाव मे एक युवक को बाइक सवार अज्ञात युवक ने गोली मार दी है। मिली जानकारी के अनुसार हेलमेट पहनकर वाइक से आए अज्ञात युवक ने तीन राउंड गोली चलाई जिसमें से एक गोली युवक के सर पर लगी है। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है वहीं चिकित्सा ने घायल युवक के सर के बाहरी हिस्से से गोली निकाल लिया है वहीं घायल युवक की स्थिति सामान्य है । घायल युवक देवेंद्र पटेल ने बताया कि आज सुबह वह घर के बाहर खड़ा था तभी एक युवक हेलमेट लगा कर आया जिसने गोली चलाना शुरु कर दिया इस दौरान एक गोली उसके सर पर लगी। युवक के सर के बाहरी हिस्से में गोली खोखा सहित मिली है। जिससे प्रथम दृष्टया पुलिस को यह मामला प्रतीत होता है कि शायद गोली चली ही नहीं है। बल्कि खोखा सहित गोली सर के बाहरी हिस्से में फसाया गया है।क्योंकि बंदूक से अगर गोली चालन की वारदात होती तो खोखा गोली के साथ सर के बाहरी हिस्से में फंसा नहीं मिलता अब पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। वहीं घायल युवक ने अपने भाभी पर गंभीर आरोप लगाते कहा भाभी ने अपने पुराने मित्र से गोली चलवाया है। पुलिस इस पर भी जांच कर रही है फिलहाल युवक को उपचार संजय गांधी अस्पताल जारी है।

## बुढार के विभिन्न स्थानों पर चल रहा ग्रीष्मकालीन विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण 130 से अधिक बच्चे प्रशिक्षण में हो रहे शामिल





बुढ़ार

मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग, जनजाति कार्य विभाग, जिला शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। 1 से 31 मई तक होने वाले ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में 130 से अधिक बच्चे बुढार नगर के अलग-अलग स्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें 18 खेल विधाओं मैं बच्चों को का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बुढार विकासखंड में खेलों के साथ सभी को प्रशिक्षक के माध्यम से योग का प्रशिक्षण विशेष रूप से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रातः 6 से 8 शाम 5 से 7 तक दिया जा रहा है। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रजनी मेश्राम की देख रेख में खेल प्रशिक्षण ग्राम साबो, बहगढ, नेहरू कॉलेज व कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। एनडीसी कॉलेज में खेल कोच निशा सिंह के माध्यम से खो खो कबड्डी एवं शिवांगी विश्वकर्मा कोच के माध्यम से एथलेटिक्स व अन्य खेल गतिविधियां कराई जा रही है इसके साथ ही योग का प्रशिक्षक किरण दास के द्वारा दिया जा रहा है,यहां लगभग 50 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेल कोच मोनिका केवट के द्वारा बॉक्सिंग एथलेटिक्स व अन्य खेल गतिविधियां कराई जा रही है।इसी तरह अन्य सेंटरों में भी खेल कोच के माध्यम से प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों को बुढार थाना प्रभारी संजय जयसवाल, बुढार जनपद सीईओ मुद्रिका पटेल व डॉ पंकज शर्मा के अलावा अन्य समाज सेवियों के माध्यम से ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण में आने वाले बच्चों को अलग-अलग दिनों में चना गुड़, जूस व स्वल्पाहार की व्यवस्था कराई जा रही है।

## तीन फरार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में किया प्रस्तुत



बुढार

न्यायालय से विभिन्न मामलों में फरार चल रहें तीन वारंटी को शनिवार को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। एएसआई हरि किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध क्रमांक 220/19, धारा 454,38,आई पी सी में फरार राहुल बैगा पिता मनगू उम्र 24 निवासी वार्ड क्रमांक 1 हाथीडोल एवं अप 395/19 धारा 185 पुष्पेन्द्र शर्मा पिता प्रकाश नारायण उम्र 24 निवासी टिकुरी टोला,अप 118/18 धारा 25 बी एक्ट विमल समुद्रे पिता स्व ज्ञानी उम्र 25 निवासी टिकुरी टोला बुढार को पकड़कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

## किशोरी के अपहरण मामले में आरोपी सुरत स्टेशन से हुआ गिरफ्तार

बुढार

शादी का प्रलोभन देकर किशोरी को बहला फुसलाकर भगा लें जाने बाले 16 वर्षीय किशोर दुष्कर्म के आरोपी को रेलवे स्टेशन सुरत से गिरफ्तार किया है। महिला सब इंस्पेक्टर श्रीमती शोभा नामदेव ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि बुढार वार्ड क्रमांक 1 भुतही मोहल्ला निवासी 21 मार्च की दोपहर किशोरी अपने घर से कही बिना बताए चाली गई है जिसकी शिकायत किशोरी की मां 30 मार्च को शिकायत दर्ज कराई जिस अज्ञात इंसान के विरूद्ध मामला कायम कर विवेचना की जा रही थी किशोरी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर एक टीम गठित कर पता तलाश के लिये सुरत, गुजरात रवाना किया गया साथ में अपह्वत की मां को भी पहचान के लिए साथ लेकर तलाश कर रहे थे तभी सुरत रेलवे स्टेशन के सामने किशोर एवं किशोरी बैठे दिखे जिन्हें मौके से 16 मई को दस्तायब कर थाने लाया गया जिहां विवेचना के दौरान पुछताछ करने पर किशोर आरोपी ने किशोरी को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा लें गया था, आरोपी के विरूद्ध धारा 363,366,376 कायम कर बाल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। टीम में एएसआई रविदास संत प्रधान आरक्षक श्रीमती सविता राठौर,बसंता सिंह, आरक्षक महेश पटेल का सराहनीय सहयोग रहा।

## हर घर में पानी पहुंचाने नगर परिषद कर रही प्रयास

**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत सभी वार्डों में पेयजल समस्या के निराकरण में नगर परिषद द्वारा बोरवेल कराकर एवं पाइपलाइन लगाकर हर घर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जिससे भीषण गर्मी में वार्ड वासियों को पेयजल समस्या से निजात मिल सके। इसके अलावा बिगड़े हैंडपंपों का भी युद्ध स्तर पर सुधार कार्य किया जा रहा है वार्ड क्रमांक 10 में पार्षद सविता बैगा के घर के पास नवीन बोरवेलकर 7.30 एचपी के मोटर पंप लगाकर मुख्य ओवरहेड टैंक से जोड़ा गया, वार्ड नंबर 11 चौधरी मोहल्ले में पाइपलाइन पहुंचाकर के पानी घर-घर पहुंचाया जा रहा है वार्ड नंबर 11 इंदिरा नगर में 2 एचपी की मोटर और पाइपलाइन लगाया गया वार्ड क्रमांक 11 इंदिरा नगर में कमलेश यादव के घर के पास स्थित हैंडपंप की रिपेयरिंग कराई गई , वार्ड क्रमांक 11 सकोला मे हैंड पंप का रिपेयरिंग कराया गया पिंटू बैगा के घर के पास,वार्ड क्रमांक 11 इंदिरा नगर में ही रामलाल बैगा के घर के पास हैंड पंप रिपेयरिंग कराई गई पंचू बैगा के घर के पास हैंड पंप की रिपेयरिंग एवं लगे हुए बोरवेल में तार स्टाटर एवं स्टाटर कवर लगाकर पानी की व्यवस्था सुचारू की गई वार्ड क्रमांक 10 में जगदीश यादव के घर के पास एवं पार्षद सविता बैग के घर के पास दो हैंड पंपों की रिपेयरिंग कराई गई वार्ड क्रमांक 11 इंदिरा नगर में मनी बैगा के घर के पास हैंड पंप की रिपेयरिंग की गई। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता के द्वारा किए गए पुनीत कार्य पर वार्ड वासियों में हर्ष एवं खुशी का माहौल है वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद सविता राजू बैगा एवं वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद प्रीति मुकेश साहू एवं वार्ड वासियों ने इस पुनीत कार्य के लिए नगर परिषद अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## अवैध उत्खनन का गढ़ बना अमलाई थाना क्षेत्र, अब जाग रही प्रशासन



**अमलाई।** अमलाई थाना क्षेत्र को अवैध उत्खनन का गढ़ माना जाता है यह क्षेत्र अवैध उत्खनन के नाम से विख्यात है और यहां से निकलने वाला अवैध कोयला आसपास के क्षेत्र में विख्यात है जिस पर माफियाओं की नजर के दशकों से लगी हुई है जो खनिज धातुओं का दोहन करने से नही चूक रहे है। जिसके कारण शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। किन्तु इस उत्खनन को लेकर अब प्रशासन जाग रही है हालांकि अवैध उत्खनन पर कार्यवाही का चाबुक कब तक चलेगा यह भी क्षेत्र की जनता को मालूम है। की पिछले कई दशकों से संचालित अवैध उत्खनन बंद होने के बाद पुनः कैसे चालू हो जाता है। हाल ही में बटुरा सोन नदी के किनारे जप्त की गई 40 टन कोयले में भी पुलिस के हाथ खाली थे एसईसीएल की सुरक्षा एजेंसी के जवानों ने कार्यवाही कर पुलिस को सौंपा था हालांकि सुरक्षा एजेंसी ने अपने दायरे से बाहर जाकर कार्यवाही की किन्तु यदि खाकी इस कार्यवाही को अंजाम देती तो सुरक्षा एजेंसी को कार्यवाही करने की आवश्यकता नही पड़ती। इस कार्यवाही से नाराज अवैध उत्खननकर्ताओं ने एनएच 43 को ही जाम करवा दिया बता दे कि थाना क्षेत्र के रामपुर, बटुरा, बकहो का टिकरी टोला, रुंगटा के नरगड़ा नाला के पास भारी मात्रा में कोयला का अवैध उत्खनन किया जाता है। जिसका दायित्व चार लोगों ने संभाल रखा है लोकसभा चुनाव के कारण जहां अचार सहिंता का पालन करना है तो वही एसईसीएल की सुरक्षा एजेंसी की कार्यवाही से बौखलाए कोल माफियाओं ने एनएच को ही जाम करवा दिया जिसमें जिला पंचायत सदस्य पति की भी सहभागिता रही आखिर नेशनल हाइवे को जाम कर लगभग चार घंटों तक बाधित करने के आरोप में कोई कार्यवाही क्यों नही की गई। नेशनल हाइवे को जाम करने के लिए ग्रामीणों के पास बड़े बड़े ट्रक कहा से आये। जिन्हें बेतरतीब खड़ा कर हाइवे को जाम किया गया था। जिनपर पुलिस ने कोई कार्यवाही क्यों नही की गई। ऐसे कई सवाल है जिन पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है बड़े बड़े कोल कारोबारी अमलाई थाना क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन से जुड़े हुए है जिनकी सह पर यहां अवैध उत्खनन किया जाता है जिन पर कार्यवाही नही होती सिर्फ ग्रामीणों को मुहरा बनाया जाता है जो कोल माफियाओ के इशारे पर इस अवैध उत्खनन को अंजाम देते है बता दे कि अब भी अवैध उत्खनन जारी है।

## कब तक लुटते रहेंगे एसईसीएल के ठेका मजदूर

## न्यूनतम मजदूरी दर से नहीं हो रहा भुगतान ठेकेदार की मनमानी चरमोत्कर्ष पर

धनपुरी




एसईसीएल सोहागपुर एरिया बंगवार,खैरहा मांइस में ठेका मजदूरो को कोल कंपनी के द्वारा। वर्किंग कमेटी के निर्धारित वेतन से आधा दिया जाता है। कंपनी कर्मचारियों का पेमेंट खाते में डालती है लेकिन खून पसीने की कमाई उनकी मेहनत का पैसा वापस ठेकेदार को देना पड़ता है ना देने पर दूसरे दिन से उस कर्मचारी का खदान में काम के लिए जगह नहीं मिलती इस डर से कर्मचारी कुछ भी बताने से भी डरे रहते हैं जितना पेमेंट मिल गया उतने में संतुष्ट खुश हैं। प्रबंधन इस संबंध में जान कर भी अंजान है ठेकेदार हो रहे मालामाल ट्रेड यूनियन ने पूर्व में अपने डेलिकेशन मे यह आरोपित किया कि प्राइवेट कंपनी के द्वारा श्रमिकों का शोषण हो रहा है उनका निर्धारित वेतन ठेकेदार मजदूरों को मिलना चाहिए लेकिन ठेकेदारी की मनमानी किसी का जोर नहीं चल रहा है अंजान ठेकेदार मजदूरो का है बुरा हाल। कौन करेगा उद्धार आखिर इन अनपढ़ कर्मचारियों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने वाले से मुक्त कौन कराएगा कर्मचारियों का हक का पैसा कौन पूरा दिला पाएगा यह प्रश्न कर्मचारियों के जहन में तो है लेकिन जुबान में नहीं आता घबराए हुए हैं इस सच्चाई से पर्दा कौन उठा पाएगा सोहागपुर एरिया में ऐसा कोई नेता ईमानदार है जो कर्मचारियों खून पसीने मेहनत की कमाई का हक दिला सके। शायद नहीं है तभी गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं।ठेकेदार मजदूरों की माने तो उन्हें पूरा माह उनसे काम नहीं लिया जाता जितना पेमेंट बंता है उस मेहनत की कमाई से भी ठेकेदार को वापस करना पड़ता है। श्रमिक नेता, राम सिंह ने कहा कि ठेकेदार मजदूरों का शोषण बंद करें और हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित वेतन दिया जाए अन्यथा जल्द कड़ा कदम उठाया जाएगा।हर तरह शोषणठेकेदार मजदूरों को मेडिकल सुविधा से संचित है रहने के लिए क्वार्टर की व्यवस्था तक नहीं किया गया है ठेकेदार मजदूरों का हर तरह से शोषण हो रहा है जिस पर किसी तरह का आवाज उठाने वाले श्रमिक संगठन के नेताओं के भी जोर अब नहीं चल रही है बेचारे वक्त के मारे अब कौन करेगा बेड़ा पार।ठेकेदार के द्वारा हर मांह कार्मिक प्रबंधक से पेमेंट बाऊचर पर साइन कराते हैं फिर भी ठेका मजदूरों को वर्किंग कमेटी के द्वारा निर्धारित पेमेंट पानी से वंचित देखे जाते हैं

## निर्वाचन मानदेय भुगतान में कर्मचारियों के साथ भेदभाव

**रीवा ।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रधान कार्यालय भोपाल के प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल को संघ की ओर से पत्र सौपते हुए अनुरोध किया है कि प्रदेश के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों नियमित, स्थायीकर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन, कोटवार, अतिथि शिक्षक, आशा ऊषा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आऊट सोर्स जैसे सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ निर्वाचन कार्य में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में ड्यूटी करते हुए सहयोग किए हैं किंतु सभी कर्मचारियो को मानदेय से वंचित रखा गया है। निर्वाचन कार्य में मानदेय देने से कर्मचारियों में उत्साह और उमंग की अनुभूति होती है। जिस प्रकार पीठासीन अधिकारी,मतदान अधिकारी क्रमांक एक,दो,तीन को मानदेय दिया जाता है। अन्य संवर्ग के सभी कर्मचारी जिनकी ड्यूटी विशेष पुलिस अधिकारी एवम् अन्य कार्यो में लगाई गई है उन्हे भी सम्मान जनक मानदेय दिया जाना चाहिए। निर्वाचन क्षेत्र में लगे कर्मचारियों को मानदेय दिए जाने की परम्परा सदैव रही है। केंद्र एवम् राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में बजट उपलब्ध कराए जाने के बाद भी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मानदेय का भुगतान नहीं किया जाना खेद का विषय है। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवम् जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने भी सभी जिला निर्वाचन अधिकारी मध्य प्रदेश से अनुरोध किया है कि सभी कर्मचारियों को सम्मान जनक मानदेय दिया जाना चाहिए। वर्तमान विधान सभा,लोकसभा के साथ साथ पूर्व के लोकसभा, विधानसभा एवम् पंचायत चुनावों का मानदेय शेष है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद संघ कर्मचारी हित मे आंदोलन की राह में जा सकते है।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 955310 क्विंटल गेहूं की खरीद



**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 18 मई तक 20510 किसानों से 955310 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 229 करोड़ 27 लाख 24 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 816360 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 148 करोड़ 51 लाख 770 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 25785 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। गेंहू खरीदी की अंतिम तिथि शासन द्वारा बढ़ा दी गई है। अब निर्धारित खरीदी केन्द्रों में 31 मई तक गेंहू की खरीद की जाएगी।

## हर घर जल योजना के तहत अब परिवारों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

### कलेक्टर ने बाणसागर समूह जल प्रदाय परियोजना का किया स्थल निरीक्षण



**रीवा।** विन्ध्य की जीवनदायिनी बाणसागर बहुउद्देश्यीय परियोजना से अब सिंचाई की सुविधा के बाद घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा रीवा और मऊगंज जिले के 1613 ग्रामों के 129388 परिवारों को स्वच्छ पेयजल घर में पहुंचाने की योजना प्रगतिरत है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गत दिवस झिन्ना गांव में बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना के निर्माणाधीन इंटेकवेल तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया। कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को समय सीमा में परियोजना क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत झिन्ना के ग्राम डबरई में रीवा जिले के लिए जल प्रदाय हेतु बनाए जा रहे 198 एमएलडी के इंटेक वेल निर्माण का निरीक्षण किया। इसी क्रम में कलेक्टर ने झिन्ना में 156 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के निर्माण का भी जायजा लिया। जल निगम द्वारा सेंधवा घाटी में 4650 किलोलीटर क्षमता का पीएमईआर का निर्माण किया जा रहा है। रीवा जिले के 679 तथा मऊगंज जिले के 934 ग्रामों को 26 जोन में विभक्त कर 315 उच्च स्तरीय टंकियों द्वारा 4067.03 किमी की वितरण नलिकाओं से 129388 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाएंगे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों से परियोजना की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली तथा गुणवत्ता के साथ इस अति महत्वाकांक्षी जन हितैषी परियोजना को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जल निगम के जनरल मैनेजर चित्रांशु ने कलेक्टर को इंटेक वेल, टंकी निर्माण तथा वितरण नलिकाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर जल निगम के नीतेश सिंह सहित विभागीय अधिकारी तथा निर्माण से संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराएं - कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले भर में गेंहू का उपार्जन लगभग अंतिम चरण में है। शासन द्वारा गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 31 मई तक बढ़ा दी गई है। शेष बचे पंजीकृत किसानों को इस अवधि में उपार्जन की सुविधा दें। जिले के कुछ खरीदी केन्द्रों में बड़ी मात्रा में उपार्जित गेंहू भण्डारित है। असमय वर्षा से इसे हानि हो सकती है। उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। परिवहनकर्ता अतिरिक्त ट्रक लगाकर दो दिनों में उपार्जित गेंहू का शत-प्रतिशत उठाव करें। गेंहू के परिवहन में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। परिवहन में लापरवाही बरतने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होंगे।

कलेक्टर ने कहा कि उपार्जित गेंहू का किसानों को तीन दिवस में भुगतान सुनिश्चित करें। परिवहन तथा भण्डारण समय सीमा में कराएं। किसी भी स्थिति में देयक लंबित न रहे। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम परिवहनकर्ताओं को लंबित बिलों का तत्काल भुगतान करें। भुगतान में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर तत्काल अवगत कराएं। कलेक्टर ने समय पर बिलों को प्रस्तुत न करने पर लेखाधिकारी नागरिक आपूर्ति निगम को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। सरसों तथा चना के उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कुछ केन्द्रों में बड़ी मात्रा में सरसों की आवक हो रही है। इन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। केवल पंजीकृत किसानों को ही समर्थन मूल्य पर उपार्जन का लाभ दें। किसी भी तरह की अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## एडीएम ने कार्यालयीन समय पर कार्य सुनिश्चित करने दिए निर्देश

**अनूपपुर।** अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित समस्त कार्यालय एवं शाखा में पदस्थ शासकीय सेवकों को निर्देश दिए हैं कि वे कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन शासकीय सेवकों द्वारा बिना सूचना एवं बिना अवकाश स्वीकृति के कार्यालय में अनुपस्थित पाए जाएंगे, उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले के वरिष्ठ पत्रकार को पितृशोक



**अनूपपुर।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेश पयासी, पत्रकार सुधाकर मिश्रा के परमपूज्य पिता रामदीन पयासी का लंबी बीमारी के बाद उनके गृह निवास ग्राम लखनौटी (जयसिंहनगर) में निधन हो गया। जैसे ही निधन का समाचार मिला सर्वत्र शोक की लहर व्याप्त हो गई। जिले के पत्रकारो, राजनीतिक दल के नेताओं ने अपना गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि ईश्वर शोक संतप्त परिवार को इस अपार पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें एवं ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें। पूर्व मंत्री एवं अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह, पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, पूर्व विधायक सुदामा सिंह, विधायक जयसिंह मरावी के साथ ही पत्रकारों जिसमें प्रमुख रूप से जिला जनसंपर्क अधिकारी अमित श्रीवास्तव, अरविंद बियानी, राजेश शिवहरे, चैतन्य मिश्रा, मनोज द्विवेदी, अजीत मिश्रा, अमित शुक्ला, मनोज शुक्ला, नीरज द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, भरत मिश्रा, अखिलेश नामदेव, बद्रीनाथ तिवारी, राजकुमार शुक्ला, राजेश शुक्ला, मुकेश मिश्रा, दीपक सिंह, गणेश रजक, राज नारायण द्विवेदी, हिमांशु बियानी, रामबाबू चौबे, संदीप गर्ग नियामू अली, धर्मेंद्र कांत तिवारी, बीज्जू थॉमस, राजेश सिंह, श्रीमती सुमिता शर्मा, विजय उरमालिया, अनीस तिगाला, लक्ष्मीकांत शुक्ला, सुरेश कुमार सोनी आदि अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## बीमारी से तंग आकर वृद्ध ने खाया जहर, मौत

**छतरपुर।** बमीठा कस्बा के रहने वाले एक 70 वर्षीय वृद्ध के द्वारा बीमारी से तंग आकर आत्महत्या के उद्देश्य से जहर खाए जाने की घटना सामने आई है। घटना के बाद परिजन वृद्ध को जिला अस्पताल लाया गया था जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। बमीठा निवासी श्याम विश्वकर्मा ने बताया कि उसके पिता भग्गू विश्वकर्मा उम्र 70 वर्ष पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। इसी बीमारी के चलते वे मानसिक रूप से परेशान हो गए और शुक्रवार की रात को उन्होंने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं, जिससे उनका हालत बिगड़ गई। घटना के बाद भग्गू को सीधे जिला अस्पताल लाया गया था लेकिन तब तक जहर पूरे शरीर में फैल चुका था।

## पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल


**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में दिनांक 17 मई 24 की शाम रोड पेट्रोलिंग के दौरान थाना चंदला पुलिस को ग्राम बंजारी में एक युवक के अवैध हथियार कट्टा लेकर दहशत फैलाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर ने पुलिस टीम को संदेही से संबंधित स्थान में भेजा। ग्राम बंजारी में नाला के पास पुलिस टीम पहुंची, पुलिस को आता देख संदेही ने भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर रोका गया। संदेही को चेक किया गया, जिसके पास एक अवैध 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपी ने पूछताछ पर नाम ओमप्रकाश राजपूत उम्र 24 वर्ष ग्राम पतिपुरवा थाना चंदला जिला छतरपुर का होना बताया, जिसके विरुद्ध पूर्व में मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी संबंधी अपराध पंजीबद्ध है।

# पडौर के पूर्व सरपंच ने उपयंत्री अंशुल अग्रवाल पर दर्ज कराई गंभीर शिकायत

**अनूपपुर।** ग्राम पंचायत पडौर के पूर्व सरपंच उमाकांत सिंह ने हाल ही में अजाक थाना प्रभारी को एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने उपयंत्री अंशुल अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उमाकांत सिंह ने बताया कि जब उन्होंने ग्रेवल मार्ग की बकाया राशि की मांग की तो अंशुल अग्रवाल ने उन्हें जातिगत गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो ग्रेवल मार्गों का निर्माण किया गया था जिसमें वेंडर मेसर्स महाजन सेल्स एंड सर्विसेज बागडुमरा द्वारा सामग्री की आपूर्ति की गई थी हालांकि जब भुगतान नहीं हुआ तो उमाकांत सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई जांच में पता चला कि उपयंत्री अंशुल अग्रवाल ने खाली बिल पर साइन करा कर पैसा निकाल लिया था। उमाकांत सिंह ने बताया कि सामग्री प्रदाय करने वाले वेंडर को बकाया राशि प्राप्त न होने के कारण उन्हें



मजबूर होकर अपनी बोलेरो और ट्रैक्टर बेचने पड़े, जिससे उन्होंने 7,80,000 (सात लाख अस्सी हजार रुपये) की राशि का भुगतान किया। अभी भी 4,20,000



(चार लाख बीस हजार रुपये) बकाया है। 14 मई 2024 को जब उमाकांत सिंह की मुलाकात उपयंत्री अंशुल अग्रवाल से रेलवे फाटक बेलिया में हुई तो उन्होंने वेंडर की बकाया राशि की मांग की। इस पर अंशुल अग्रवाल ने मां-बहन की गालियां दीं और कहा, अब तुम सरपंच नहीं हो, जूते मारूंगा जिससे तुम्हारी बुद्धि ठीक हो जाएगी। जब उमाकांत सिंह ने पूछा कि उनसे धोखाधड़ी कर खाली बिल पर क्यों हस्ताक्षर कराए गए, तो अंशुल अग्रवाल ने कहा, मैं इंजीनियर हूं, अच्छे-अच्छे लोगों को चरा के बैठा हूं और जान से मरवा दूंगा। उमाकांत सिंह ने अजाक थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि उपयंत्री अंशुल अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि किसी आदिवासी-हरिजन के साथ अभद्र व्यवहार ना हो सके। साथ ही, फर्जी बिल से निकाली गई राशि को सही सामग्री प्रदाय करने वाले वेंडर को 12,00,000 (बारह लाख रुपये) दिलाई जाए।

# पुलिस की लापरवाही से शहर में चोरी की वारदात को चोर दे रहे खुलेआम अंजाम




**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 में 3 महीनो में लगभग 5 चोरियां हो चुकी है, पिछले 48 घंटे पूर्व वार्ड नंबर 09 में रहने वाली स्टाफ नर्स के घर में बीती रात चोरों ने किया हाथ साफ, इस चोरी में चोरों ने घर की अलमारी में रखें लगभग एक तोला सोने की चैन के अलावा चांदी के कुछ अन्य जेवरात और तीन नग मोबाइल की समेत 6000 रुपए नगद चोरी कर ले गए हैं चोर चोरी की घटना के 24 घंटे बाद कोतवाली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पदस्थ स्टाफ नर्स कांता मिंज पति शांतिलाल इक्का उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 9 ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि बीते 15 मई की रात लगभग 8 बजे वह जिला अस्पताल में आम दिनों की तरह ड्यूटी करने गई हुई थी तब घर में दो बच्चे एवं एक बड़ी बहन घर में मौजूद थी।

### खिड़की के ग्रिल को काटकर चोरी की घटना को दिया अंजाम

श्रीमति कांता मिंज ने बताया कि वो रात में जिला चिकत्सालयम ड्यूटी पर गई हुई थी। सुबह घर से उनकी बहन का फोन आया कि घर में चोरी हुई है तब पता चला कि मकान के पीछे की खिड़कियों के ग्रिल को काटकर चोर ने घर के अंदर घुस कर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### कोतवाली थाना अंतर्गत लगातार हो रही है चोरियां, चोरों को दी खुली छूट

कोतवाली अंतर्गत तीन माह में लगभग यह पांचवीं चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं इससे पहले श्रीमती राधा तिवारी के घर से लगभग 7 से 8 लाख रुपए की चोरी हुई जिसमें थाना कोतवाली के द्वारा लगभग 15 दिनों के बाद एफआईआर दर्ज की गई। इसी प्रकार हरिश्चंद्र अग्रवाल के दुकान से लाखों रुपए की चोरी की गई किंतु कोतवाली पुलिस के द्वारा अब तक चोरों का कोई भी सुराग नहीं लग पाया गया है।

# हर घर नाद की मुहिम से अब जानवरों, पशु पक्षियों को नहीं रहना पड़ेगा प्यासा

**अनूपपुर।** परोपकार जैसे पवित्र कार्य करने वालों की अनूपपुर शहर में कमी नहीं है। इसी में शिव मारुति युवा संगठन की एक नई पहल सामने आई है। जिसके चलते अब जानवरों, पशु-पक्षियों को प्यासा नहीं रहना पड़ेगा। परोपकार का अर्थ ही भलाई करना है जिसे कर दिखाया है। शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर अनूपपुर ने परोपकार के समान कोई धर्म नहीं है, परोपकार ऐसा कार्य है, जिससे शत्रु भी मित्र बन जाता है। यदि शत्रु पर विपत्ति के समय उपकार किया जाए तो वह भी सच्चा मित्र बन सकता है। मनुष्यों को पानी पिलाने के लिए तमाम सामाजिक संगठन एवं निकाय आगे आते हैं। लेकिन जानवरों, पशु- पक्षियों के लिए कोई कोई ही आगे आ पाता है।

हर घर नाद मुहिम अब इस तरह से रंग ला रही है जिसकी उम्मीद किसी ने सपने में भी नहीं कि थी। सर्वप्रथम शिव मारुति युवा संगठन ने एक छोटी सी पहल इस भीषण गर्मी में शुरू की है। जिससे कोई भी मूक जीव प्यासा न रहे। युवाओं का कहना हैं कि, हर घर नाद एक पहल है जिससे जानवरों, पशु-पक्षियों को पानी की व्यवस्था हो सके। इसके लिए सबसे पहले शुरूआत में शिव मारुति युवा संगठन ने लोगों से अपील की वो अपने घर में नाद रखें, जिसके बाद इसे कुछ घरों में रखवाया। इस शर्त के साथ कि वो लोग नाद में पानी हर दिन समय से भरेंगे और फिर उसके बाद धीरे-धीरे लोगों ने इस शुरूआत और नेक काम को देखा तो अन्य लोग भी अपने घर के बाहर नाद



रखने के लिये अग्रसर हुए। शिव मारुति युवा संगठन ने कहा कि ये मुहिम आगे बढ़ती रहेगी और हम युवाओं की मेहनत एक दिन हर घर नाद की मुहिम सफल होती नजर आएगी।

**हर घर नाद, नहीं रहेगा अब कोई प्यासा**

युवाओं की दृढ़ इच्छा शक्ति, अच्छी सोच ने कुछ दिन पहले एक छोटी सी पहल थी जो आज रंग ला रही है। इस मुहिम से प्रभावित होकर आज खुद ही लोग अपने घर के बाहर नाद रखवा रहे हैं और खुद ही समय से पानी भर रहे हैं। युवाओं ने लोगों से अपील की है कि संगठन के संपर्क सूत्र- 9754554615, 9131003341, 7747035734 में संपर्क कर हर घर नाद के इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

# अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हो रहा रसपान

### ब्रम्हानिष्ठ स्वामी शारदानंद सरस्वती जी के स्मरण में श्री भागवत कथा का आयोजन

**अमरकंटक।** मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में स्थित स्वामी भजनानंद मृत्युंजय आश्रम में वैशाख शुक्ल अष्टमी तिथि गुरुवार 16 मई से वैशाख शुक्ल चतुर्दशी बुधवार 22 मई तक रोजाना अपरान्ह 03 बजे से 06 बजे संध्याकालीन समय तक रोजाना कथा व्यास काशी (बनारस) के पूज्य श्री स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती जी महाराज के सरस सुमधुर सारगर्भित वाणी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के रसपान का लाभ सुलभ हो रहा है। परमपूज्य सतगुरूदेव श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य सच्चिदानंद स्वरुप अनंत श्रीविभूषित श्रोत्रिय ब्रम्हनिष्ठ श्री स्वामी शारदानंद सरस्वती जी महाराज के पुण्य स्मरण (स्मृति) में शिवप्रिय मेकल शैल सुता सी की पावन भूमि पर



सतगुरुचरण चंचरीक महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज (परमाध्यक्ष दैवी सम्पत मंडल) के पावन सानिध्य में विद्वान पंडितो द्वारा प्रतिदिन प्रातः 06 बजे से 08 बजे तक रुद्राभिषेक शिवार्चन का पवित्र दर्शन आप सभी को सुलभ हैं। इस पावन पुनीत श्रीमद् भागवत कथा ब्रम्हनिष्ठ स्वामी शारदानंद सरस्वती जी के स्मरण में सप्तदिवसीय कथा, प्रतिदिन रुद्राभिषेक शिवार्चन का आप सभी प्रेमीजन, भक्तजन, श्रद्धालुजन मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक में पधार कर सपरिवार कथा श्रवण कर आध्यात्मिक पुण्य लाभ अर्जित कर जीवन को धन्य बनाए। भागवत कथा समापन के अगले दिवस 23 मई को विशाल नगर भंडारा, प्रसादी वितरण का आयोजन भी है जिसमे आप सभी की उपस्थित सादर आमंत्रित हैं।

# नदी अनुरागी अनिल माधव दवे को घाट सफाई से दी श्रद्धांजलि

**अमरकंटक।** अनिल माधव दवे राज्यसभा सदस्य तथा भारत सरकार में पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री थे। इन्होने अपने जीवनकाल में रहते हुए माँ नर्मदा और उनकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिए अनेको कार्य किये आपको नर्मदा भक्त नर्मदा सुत, पर्यावरण विद के नाम से भी संबोधित करते है। इन्होने नर्मदा समग्र न्यास के नाम से एक सामाजिक संस्था का गठन किया था जो कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से बहने वाली जीवन दायनी माँ नर्मदा के संरक्षण के लिए कार्य करती है। आपके कार्यो से प्रेरणा लेकर आज हजारो कार्यकर्ता एवं संस्थाए नर्मदा के संरक्षण कार्य में नर्मदा समग्र के साथ जुड़कर कार्य कर रही है नर्मदा समग्र इनकी पूण्यतिथि 18 मई को संकल्प दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाता है इस अवसर पर अमरकंटक की घाट टोली ने बांधा माधव सरोवर में मां नर्मदा के दक्षिण तट पर घाट सफाई अभियान चलाया, इसी के साथ अमरकंटक घाट टोली ने स्वच्छता संकल्प हस्ताक्षर अभियान चलाकर माँ नर्मदा को स्वच्छ रखने की अपील के साथ अनिल माधव दवे को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रमों में प्रमुख कार्यकर्ता दिनेश साहू, शिव खैरवार, ओम प्रकाश उईके, बलराम महोबिया, चेतराम प्रधान, प्रद्युम्न कुमार के साथ अनेको कार्यकर्ता एवं मोहल्लेवासी शामिल हुए । नर्मदा समग्र एक प्रयत्न है। नर्मदा नदी, एक जल स्त्रोत, एक आस्था को स्वस्थ, सुंदर और पवित्र बनाये रखने का यह एक प्रयास है। विश्व की अधिकांश संस्कृतियों का जन्म व विकास नदियों के किनारे हुआ है। भारत के ऋषियों ने पर्यावरण संतुलन के सूत्रों को ध्यान में रखकर समाज की नदियों, पहाडों, जंगलों व पशु-पक्षियों सहित पूरे संसार की ओर देखने की विशेष सह अस्तित्व की अवधारणा का विकास किया। उन्होंने पाषाण में भी जीवन देखने का मंत्र दिया। ऐसे प्रयत्नों के कारण भारत में प्रकृति को समझने व उससे व्यवहार करने की आदान-प्रदान के भाव से युक्त परम्पराओं का विकास हुआ। जिओ और जीने दो जैसी मान्यताएं विकसित हुईं। पेड-पौधे, पशु, पानी सभी पूज्य हो गए। समय के साथ चलते-चलते जब परम्पराएं बगैर समझे निबाही जाने लगीं तो वे रूढ़याँ बन गईं। आंखें तो रहीं लेकिन दृष्टि बदल गई। इसने सह अस्तित्व के सिद्धान्त को बदलकर न जियेंगें न जीने देंगें जैसे विकृत सोच का विकास किया। इसी का परिणाम रहा कि नदी व पहाड, पशु व पेड सब अब मरने लगे हैं। नर्मदा जैसी प्राचीन नदी भी इस व्यवहार से नहीं बच पा रही है। उसका अस्तित्व संकट में है।

जंगल कट रहे हैं, नदी का जल कम हो रहा है



और प्रदूषण लगातार बढ रहा है। नर्मदा से सभी को पानी चाहिए, किन्तु नर्मदा में पानी कहाँ से आता है? वह कैसे बढाया जाय? इस विचार का सर्वत्र अभाव है। नर्मदा समग्र एक पहल है। पहले से कार्य कर रहे व आगे कार्य करने वालों के बीच संवाद की यह कोशिश है। नर्मदा समग्र इस पुण्य सलिला के सभी पक्षों पर संयुक्त प्रयास चाहता है। यह नर्मदा के सारे आयामों को एक स्थान पर समेटने की ओर आगे भी बढना चाहता है। आप सभी से प्रार्थना है कि सपरिवार, सकुटुम्ब इस कार्य में अपनी भागीदारी निश्चित करें जिससे प्रयत्न को सहयोग मिले व मैकलसुता की सेवा भी हो सके।

# ग्रीष्मकाल में परिषद ने की प्याउ की व्यवस्था

**राजनगर।** गर्मी में राहगीरो एवं नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए नागरिकों को सुविधा के लिए नगरीय प्रशासन के वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर नगर परिषद डूमरकछार द्वारा नगर के विभिन्न चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। ग्रीष्मकाल के इस मौसम मे पेयजल कि महती आवश्यकता होती है। पेयजल के जरूरत मे नगर मे आने वाले राहगीरों एवं लोगो को पीने के पानी के लिए यंहा वंहा परेशान होना पड़ता था तब प्यास बुझती थी। इन्ही सब परेशानी को देखते हुए परिषद ने नगर मे प्याउ की व्यवस्था विगत माह से की गयी है। सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था हो जाने से नगरवासी व राहगीरों को ठंडा पेयजल का लाभ प्राप्त हो रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि नगर परिषद के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थलो पर सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था की गयी है, ताकि झुलसती गर्मी मे शीतल पेयजल की आवश्यकता होती है जो सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था करके नगर मे आने वाले राहगीर एवं नगर वासी शीतल पेयजल से अपनी प्यास बुझा सकेंगे। सार्वजनिक प्याऊ के नियमित संचालन की देखरेख सभापति रवि सिंह, जीतेंद्र चौहान, रंजीत वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा है, प्याऊ व्यवस्था सुचारू रूप से चलता रहे इस बावत नल-जल विभाग के कर्मचारी व परिषद के अन्य कर्मचारी अनुरूद्ध दाहिया, उत्तम कोल, विजय यादव, प्रशांत केशरवानी, विक्रम सिंह, अखिलेश सिंह परिहार, सत्येन्द्र चौहान, विपिन दूबे, गौरव महाता, अमित जायसवाल तथा पार्षद पति राजेन्द्र महरा, योगेन्द्र पालीवाल का भी सहयोग मिलता रहता है।

# ग्राम पंचायत खमरौध द्वारा नहीं किया जा रहा ऑपरेटर का भुगतान

### कलेक्टर के पास भी की गई शिकायत

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरौध में संचालित नल जल योजना के तहत कार्य कर रहे ऑपरेटर को ग्राम पंचायत के द्वारा उसकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे वह ऑपरेटर परेशान है और उसका कहना है कि मैं अब इसकी शिकायत अंतिम बार जनपद पंचायत में करूंगा और यह बताऊंगा कि नल जल योजना के तहत जो बोर करवाया गया है वह मेरे निजी स्वामित्व की भूमि पर है और यदि मेरा मजदूरी का भुगतान नहीं दिया जाता तो मैं उसे बंद करते हुए अपने उपयोग में ले लूंगा।

### यह है मामला

ग्राम पंचायत खमरौध में वर्ष 2018 में नल जल योजना का कार्य संचालित किया गया था और लगभग 4 साल तक ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई का कार्य करवाया जा रहा था। और उसमें नारायण यादव निवासी खमरौध को ऑपरेटर के रूप में रखा गया था और ठेकेदार के द्वारा बकायदे उसकी मजदूरी का भुगतान किया जा रहा था। सरपंच की देखरेख में- वर्ष 2022 से ग्राम पंचायत खमरौध के सरपंच सचिव की देखरेख में नल जल योजना का कार्य शुरू किया गया और 1 नवंबर 2022 को ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम सभा में



बैठक कर नारायण यादव को लिखित में देते हुए कहा गया कि अब से ग्राम पंचायत के द्वारा नारायण यादव को ऑपरेटर के रूप में रखा जा रहा है और इसी की देखरेख में नल जल योजना संचालित की जाएगी और इसके द्वारा नल जल योजना की वसूली का कार्य भी किया जाएगा और उसमें से जो राशि आएगी उसे इसकी मजदूरी का भुगतान किया जाएगा एवं हर महीने की अंतिम तारीख को ग्राम




पंचायत में आय व्यय पेश किया जाएगा। नारायण यादव के द्वारा नल जल योजना की ऑपरेटिंग एवं विद्युत सुधार कार्य एवं वसूली की जाती थी और वसूली की राशि ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को बकायदे जमा की जाती थी।

### 6000 की मजदूरी में रखा गया था

ऑपरेटर नारायण यादव का कहना है कि मुझे ग्राम पंचायत के द्वारा हर महीने 6000 रुपए की मजदूरी दर में रखा गया था। नारायण यादव का कहना है कि मैं बर्ष 2024 तक निरंतर पानी चालू कर पूर्ण गांव को पानी देता था और बिगड़े हुए लाइट विद्युत समस्या से लेकर पानी कनेक्शन तथा सुधार करना बिल वसूली करना पानी मोटर द्वारा टैंकर भरना सभी कार्य करता था जिसका भुगतान आज तक सरपंच सचिव के द्वारा नहीं किया गया मांगने पर कहा जाता है कि जहां शिकायत करना है शिकायत कर दो। नारायण यादव ने बताया कि मेरी मजदूरी का भुगतान 66000 रुपए ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं दिया जा रहा है।

### कलेक्टर के पास भी की शिकायत

ऑपरेटर नारायण यादव का कहना है कि मेरे द्वारा जिला कलेक्टर अनूपपुर को मार्च महीने में शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि मेरा मजदूरी का भुगतान 66000 रुपए ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा उक्त विभाग एवं जिला दंडाधिकारी को करते हुए सात दिवस के अंदर भुगतान करने की बात कही थी। लेकिन सरपंच सचिव के द्वारा टाल मटोल किया जा रहा है और मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उसने लिखित शिकायत में बताया था कि मेरी मजदूरी का भुगतान यदि नहीं किया गया तो मेरे स्वामित्व की भूमि पर नल जल योजना के तहत बोर का कार्य कराया गया है जिसकी सहमत भी नहीं ली गई है। जिससे मैं परेशान होकर उस बोर के माध्यम से खेती किसानी का कार्य करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करूंगा। उसने शिकायती पत्र में यह भी बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा दूसरे ऑपरेटर को कार्य में रख लिया गया है। और मेरे मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मैं और मेरा परिवार भूखो मरने की स्थिति में है। उसने जिला कलेक्टर को शिकायती पत्र देते हुए मजदूरी भुगतान कराए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत के द्वारा नल जल का कार्य नारायण यादव से करवाया जा रहा था लेकिन इतनी मजदूरी में नहीं रखा गया था मुझे ग्राम पंचायत के माध्यम से जानकारी मिली थी की उसके द्वारा कुछ अनियमितता भी की गई है। मैं सत्यता की जांच करवा लेता हूं।

**लाल बहादुर वर्मा**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोतमा**